इतनी किरपा साई जी बनाये रखना

इतनी किरपा साई जी बनाये रखना,
मरते दम तक चरणों से लगाए रखना,

मैं तेरा तू मेरा साई मैं राजी तू राजी,
तेरे नाम से लिखदी मैंने इस जीवन की बाजी,
लाज तुम्हारे हाथ है बचाये रखना,
मरते दम तक चरणों से लगाए रखना,

करू वन्दना हाथ जोड़ कर मुझे न भूल जाना,
तेरे दर पर बना रहे बस मेरा आना जाना,
सिलसिला ये साई जी बनाये रखना,
मरते दम तक चरणों से लगाए रखना,

तेरे प्रेमियों में मन लगता और न कोई लागे,
फीका फीका ये जग सारा भजन भाव के आगे,
भजनो की इस भूख को जगाये रखना,
मरते दम तक चरणों से लगाए रखना,

जन्म जन्म तक मेरा तेरा साथ कभी न छूटे,
छूट जाए संसाओ की माला तार कभी न टूटे,
सेवा में गरीब को लगाए रखना
मरते दम तक चरणों से लगाए रखना,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15276/title/itni-kirpa-sai-ji-bnaaye-rakhana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |